**भारत सरकार**

**इस्पात मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 960**

**25 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए**

**घरेलू इस्पात उत्पादन**

**960. श्री के.आर.एन. राजेश कुमार:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश की विभिन्न इस्पात उत्पादन इकाइयों में इस्पात के उत्पादन, उपयोग और उपलब्ध भंडारण का ब्यौरा क्या है;

(ख) विभिन्न प्रकार के आयातित और निर्यातित इस्पात की मात्रा और इस पर खर्च किए गए/इससे अर्जित विदेशी विनियम का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त अवधि के दौरान घरेलू इस्पात उद्योग पर कोई सकारात्मक प्रभाव पड़ा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा घरेलू इस्पात उद्योग के हितों की रक्षा हेतु क्या प्रयास किए गए हैं/किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क): विगत तीन वर्षों के दौरान कुल तैयार इस्पात के स्टॉक के आंकड़े के साथ-साथ क्रूड इस्पात के उत्पादन, कुल तैयार इस्पात के उत्पादन और खपत का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

| | **क्रूड इस्पात** | **तैयार इस्पात** | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **वर्ष** | **उत्पादन** | **उत्पादन** | **खपत** | **दिनांक** | **स्टॉक** |
| 2019-20 | 109.14 | 102.62 | 100.17 | 31.03.2020 | 13.69 |
| 2020-21 | 103.54 | 96.20 | 94.89 | 31.03.2021 | 8.97 |
| 2021-22 | 120.29 | 113.60 | 105.75 | 31.03.2022 | 7.99 |
| आंकड़े मिलियन टन में, स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति | | | | | |

(ख): विगत तीन वर्षों के दौरान मात्रा और मूल्य, दोनों को इंगित करते हुए, आयात और निर्यात का श्रेणी-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** और **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

(ग) और (घ): निर्यात में बढ़ोत्तरी के साथ पिछले कुछ वर्षों के दौरान तैयार इस्पात के उत्पादन और खपत में वृद्धि हुई है, जिससे घरेलू इस्पात उद्योग पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान मुख्यतया कोविड-19 महामारी जनित व्यवधानों के कारण इस्पात के उत्पादन में कमी दर्ज की गई थी। सरकार ने उत्पादन को बढ़ाने और देश में घरेलू इस्पात उद्योग के हितों की रक्षा करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं:-

(i) राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017 जिसमें रणनीतिक अनुप्रयोगों के लिए इस्पात और हाई-ग्रेड ऑटोमोटिव स्टील, विद्युत् इस्पात, विशेष इस्पात एवं मिश्र-धातु की समग्र मांग को घरेलू स्तर पर पूरा करने की परिकल्पना की गई है, को अधिसूचित करना।

(ii) सरकारी एजेंसियों द्वारा मेड इन इंडिया इस्पात की अधिप्राप्ति को बढ़ावा देने हेतु घरेलू रूप से विनिर्मित लौह एवं इस्पात उत्पाद (डीएमआई एंड एसपी) नीति।

(iii) इस्पात आयातों के अग्रिम पंजीकरण हेतु इस्पात आयात निगरानी प्रणाली (एसआईएमएस) की अधिसूचना।

(iv) केन्द्रीय बजट 2021-22 में गैर-मिश्र धातु, मिश्र धातु और स्टेनलेस स्टील के सेमीज, फ्लैट एवं लॉन्ग उत्पादों पर सीमा शुल्क को एक समान रूप से घटाकर 7.5% कर दिया गया है। केन्द्रीय बजट 2022-23 में, इस्पात स्क्रैप पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) में दिनांक 31.03.2023 तक छूट प्रदान की गई है और इस्पात उत्पादों पर पाटनरोधी शुल्क (एडीडी) और प्रतिकारी शुल्क (सीवीडी) को भी हटा दिया गया है।

(v) सरकार ने दिनांक 21.05.2022 की अधिसूचना द्वारा इस्पात के कच्चे माल और इस्पात उत्पादों के शुल्कों में संशोधन किए हैं, जिसमें एंथ्रेसाइट/पल्वेराइज्ड कोल इंजेक्शन (पीसीआई) कोल, कोक और सेमी कोक तथा फेरो-निकेल पर आयात शुल्क को घटाकर शून्य कर दिया गया है। लौह अयस्क/सान्द्र और लौह अयस्क पैलेट पर निर्यात शुल्क को बढ़ाकर क्रमशः 50% और 45% कर दिया गया है और कई इस्पात उत्पादों पर 15% निर्यात शुल्क लगाया गया है।

****

**अनुलग्नक - I**

## कुल तैयार इस्पात का श्रेणी-वार आयात

| | 2019-20 | | 2020-21 | | 2021-22 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **श्रेणी** | **मात्रा (हजार टन)** | **मूल्य (करोड़ रुपये)** | **मात्रा (हजार टन)** | **मूल्य (करोड़ रुपये)** | **मात्रा (हजार टन)** | **मूल्य (करोड़ रुपये)** |
| **तैयार इस्पात (गैर-मिश्र धातु)** | | | | | | |
| **नॉन-फ्लैट** | | | | | | |
| बार और रॉड | 273 | 1229 | 143 | 714 | 63 | 455 |
| स्ट्रक्चरल | 38 | 218 | 31 | 176 | 14 | 104 |
| रेलवे सामग्री | 51 | 387 | 63 | 453 | 68 | 581 |
| **कुल नॉन-फ्लैट** | **362** | **1834** | **237** | **1342** | **145** | **1140** |
| **फ्लैट** | | | | | | |
| प्लेट् | 353 | 1787 | 379 | 2318 | 237 | 1977 |
| एचआर शीट् | 6 | 24 | 1 | 6 | 0 | 0 |
| एचआर क्वायल/स्ट्रिप | 1646 | 6821 | 828 | 3537 | 811 | 5349 |
| सीआर क्वायल/शीट | 374 | 1896 | 222 | 1247 | 340 | 2465 |
| जीपी/जीसी शीट | 907 | 5790 | 767 | 5008 | 735 | 6282 |
| विद्युत् शीट | 540 | 4140 | 460 | 3139 | 430 | 5171 |
| टीएमबीपी | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| टिन प्लेट | 183 | 846 | 138 | 644 | 54 | 307 |
| टिन मुक्त इस्पात | 73 | 316 | 48 | 213 | 12 | 73 |
| पाइप | 345 | 2762 | 158 | 974 | 150 | 1111 |
| **कुल फ्लैट** | **4428** | **24381** | **3001** | **17087** | **2769** | **22735** |
| **कुल तैयार इस्पात (गैर-मिश्र धातु)** | **4790** | **26216** | **3238** | **18430** | **2913** | **23875** |
| **मिश्र धातु/स्टेनलेस इस्पात** | | | | | | |
| नॉन-फ्लैट | 379 | 3334 | 344 | 3055 | 214 | 3547 |
| फ्लैट | 1599 | 15133 | 1171 | 10670 | 1542 | 18876 |
| **कुल तैयार इस्पात (मिश्र धातु/स्टेनलेस)** | **1978** | **18467** | **1515** | **13724** | **1756** | **22423** |
| **कुल तैयार इस्पात (मिश्र धातु+गैर-मिश्र धातु)** | **6768** | **44683** | **4752** | **32154** | **4669** | **46298** |

स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी)

**अनुलग्नक - II**

## कुल तैयार इस्पात का श्रेणी-वार निर्यात

| | 2019-20 | | 2020-21 | | 2021-22 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **श्रेणी** | **मात्रा (हजार टन)** | **मूल्य (करोड़ रुपये)** | **मात्रा (हजार टन)** | **मूल्य (करोड़ रुपये)** | **मात्रा (हजार टन)** | **मूल्य (करोड़ रुपये)** |
| **तैयार इस्पात (गैर-मिश्र धातु)** | | | | | | |
| **नॉन-फ्लैट** | | | | | | |
| बार और रॉड | 507 | 1962 | 974 | 3757 | 2096 | 11128 |
| स्ट्रक्चरल | 152 | 553 | 116 | 435 | 203 | 1150 |
| रेलवे सामग्री | 9 | 56 | 16 | 102 | 2 | 16 |
| **कुल नॉन-फ्लैट** | **669** | **2570** | **1107** | **4294** | **2301** | **12294** |
| **फ्लैट** | | | | | | |
| प्लेट | 306 | 1203 | 538 | 2264 | 875 | 5624 |
| एचआर क्वायल/शीट | 4818 | 15637 | 6654 | 22666 | 6185 | 37985 |
| सीआर क्वायल/शीट | 571 | 2286 | 495 | 2194 | 1059 | 8683 |
| जीपी/जीसी शीट | 896 | 4755 | 952 | 5858 | 1730 | 15891 |
| विद्युत् शीट | 44 | 280 | 42 | 256 | 42 | 550 |
| टिन प्लेट | 16 | 102 | 17 | 115 | 39 | 392 |
| टिन मुक्त इस्पात | 3 | 22 | 2 | 14 | 2 | 19 |
| पाइप | 267 | 1334 | 139 | 965 | 137 | 1174 |
| **कुल फ्लैट** | **6921** | **25620** | **8838** | **34332** | **10067** | **70317** |
| **कुल तैयार इस्पात (गैर-मिश्र धातु)** | **7589** | **28190** | **9945** | **38626** | **12369** | **82611** |
| **मिश्र धातु/स्टेनलेस इस्पात** | | | | | | |
| नॉन-फ्लैट | 266 | 3086 | 301 | 3078 | 634 | 7484 |
| फ्लैट | 501 | 5450 | 538 | 5466 | 491 | 9358 |
| कुल तैयार इस्पात (मिश्र धातु/स्टेनलेस) | **766** | **8537** | **839** | **8544** | **1125** | **16842** |
| कुल तैयार इस्पात **(मिश्र धातु+गैर-मिश्र धातु)** | **8355** | **36726** | **10784** | **47170** | **13494** | **99452** |

स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी)

****